हिमाचल अभी अभी
Himachal ABHI ABHI
/himachal.abhiabhi @himachal_abhi
नई सोच नई खोज
साप्ताहिक

सोमनाथ ही नहीं, सोम से जुड़े देश के ये मंदिर भी आस्था का केंद्र –पढ़ें पेज 4

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 11 अंक 41 कांगड़ा। शनिवार, 10 जनवरी -16 जनवरी, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 27 पौष, विक्रमी संवत् 2082 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा बोले लोहड़ी की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं

■ **अमित महाजन/धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने हर्ष और उल्लास के पावन पर्व लोहड़ी की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. राजेश ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि ईश्वर से प्रार्थना है कि उत्साह और विश्वास का यह महापर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सद्भाव लेकर आए। डॉ. राजेश ने कहा कि लोहड़ी कृषि समुदाय से निकटता से जुड़ा हुआ एक लोकप्रिय फसल उत्सव है। यह त्यौहार अग्नि देवता और देवी लोहड़ी को समर्पित है। लोहड़ी के बाद दिन बड़े हो जाते हैं और सभी वनस्पतियों को सूर्य से अधिक ऊर्जा मिलती है और फसलों की भरपूर पैदावार होती है। इसलिए इस पर्व का अपना एक विशेष महत्व है, उन्होंने कहा कि हम इस बात की कामना करते हैं, कि इस मर्तबा भी फसलों की भरपूर पैदावार हो।

शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. राजेश ने कहा कि लोहड़ी पर मैं कामना करता हूं कि सभी के जीवन से सभी तरह के दुर्गुण खत्म हो जाएं और सद्गुणों का समावेश हो। समस्त मानवता के दुश्मनों की सभी बुराइयां, षड्यंत्र और कुचक्र समाप्त हो जाएं, ताकि सभी का भला हो। हम सभी में धर्म के मार्ग पर और सच्चाई के रास्ते पर चलने का साहस बढ़े,सच्चाई का साथ देने का साहस बढ़े और मानवता की सच्ची सेवा करने की आदत आए। डॉ. राजेश ने कहा कि मैं भगवान महादेव से प्रार्थना करता हूं कि इस रबी सीजन में पूरे प्रदेश में सभी तरह की फसलों में बहुत ही भारी उत्पादन बढ़ोतरी हो, प्रदेश में कहीं भी कोई भी प्राकृतिक आपदा नहीं हो, किसी भी किसान की फसल में कोई नुकसान नहीं हो और समस्त प्रदेश भगवान महादेव के आदेशों के प्रति समर्पित हो, ताकि समस्त प्राणी जगत का भला हो। एक बार फिर से पावन लोहड़ी पर्व की सभी को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

- **यह महापर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सद्भाव लेकर आए**
- **हम इस बात की कामना करते हैं, कि इस मर्तबा भी फसलों की भरपूर पैदावार हो**
- **सभी के जीवन से सभी तरह के दुर्गुण खत्म हो जाएं और सद्गुणों का समावेश हो**
- **सच्चाई का साथ देने का साहस बढ़े, मानवता की सच्ची सेवा करने की आदत आए**